Title: Need for early construction of the refinery at Agasod in Sagar Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.-Laid.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सागर के बीना विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत आगासौद में भारत पैट्रोलियम एवं ओमान सरकार के सहयोग से भारत-ओमान रिफायनरी लिमिटेड प्रारम्भ होने जा रही है, जिसमें करोड़ों रुपयों का व्यय भी हो चुका है, किन्तु १२वीं लोकसभा भंग होते समय रिफायनरी का निर्माण कार्य अचानक बीच में रोक देना काफी जनचर्चा का विषय बना हुआ है, जबकि पूर्व में माननीय प्रधानमंत्री महोदय एवं पर्यावरण मंत्री जी के सहयोग से पर्यावरण संबंधी स्वीकृत दी जा चुकी है। सागर जिला उद्योग की दृष्टि से वैसे भी काफी पिछड़ा हुआ है। इस रिफायनरी से जिले के लोगों को काफी आशायें हैं।

अतः माननीय प्रधानमंत्री महोदय से अनुरोध है कि सागर के औद्योगिक विकास को दृष्टिगत रखते हुए इस रिफायनरी के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर अपने हाथ में लेते हुए, इसमें आने वाली बाधाओं को दूर कर शीघ्रातिशीघ्र निर्माण कार्य आरम्भ कराने का सहयोग करें।